बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – चतुर्थ **दिनांक -07 - 01- 2021**

विषय -हिन्दी **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज वर्णमाला के बारे में अध्ययन करेंगे ।

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

अजर - जिसे कभी बुढ़ापा न आए।
अमर - जो कभी न मरे।।
अजेय - जो जीता न जा सके।
अदृश्य - जो दिखाई न दे।
अतुलनीय - जिसकी तुलना न हो।
अधीर - जिसमें धैर्य न हो।
अनपढ़ - जो पढ़ा हुआ न हो।
अनिवार्य - जिसको रोका न जा सके।
अनंत - जिसका अंत न हो।
असाध्य - जिसका इलाज न हो सके।
अवैतनिक - जो वेतन के बिना काम करें।
अटल - जो अपने स्थान से न टले।
ईर्ष्यालु - दूसरों से ईर्ष्या करने वाला।
कृतज्ञ - जो किए हुए उपकार को माने।
चौमासा - चार मासों का समूह। (आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन)
अनुपम - जिसकी उपमा न दी जा सके।
निराकार - जिसका आकार न हो।
जिज्ञासु - जो कुछ जानने की इच्छा रखता हो।
दुराचारी - जिसका आचरण अच्छा न हो।
फलाहारी - जो फल खाकर निर्वाह करे।
रेखांकित - जिसके नीचे रेखा खींची गई हो।

सहपाठी - साथ पढ़ने वाला।

साकार - जिसका आकार दिखाई दे।